17 अगस्त 2011, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/- आर. एन. आई. 31109/77

RJ / J.P.C / FN-61 / 2009-11

जैन पथप्रदर्शक

ए-4, बापूनगर, जयपुर - 302015 (राज.)

नैतिक एवं सामाजिक चेतना का अग्रदूत निष्पक्ष पाक्षिक

डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल के व्याख्यान देखिये जी-जागरण पर प्रतिदिन प्रात: 6.40 से 7.00 बजे तक

वर्ष : 34, अंक : 10
अगस्त (द्वितीय), 2011 (वीर नि. संवत्-2537)

सम्पादक : पण्डित रतनचन्द भारिल्ल
सह-सम्पादक : पण्डित संजीवकुमार गोधा

आजीवन शुल्क : 251 रुपये
वार्षिक शुल्क : 25 रुपये

३४वां आध्यात्मिक शिक्षण शिविर सानन्द संपन्न

जयपुर (राज.) : आध्यात्मिकसत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के मंगल प्रभावना में संस्थापित 'श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट' द्वारा विगत 33 वर्षों से 'श्री टोडरमल दिगम्बर जैन सिद्धांत महाविद्यालय, जयपुर' में आध्यात्मिक शिक्षण शिविरों की परम्परा अनवरत रूप से चलती आ रही है। इसी शृंखला में इस वर्ष रविवार दिनांक 31 जुलाई से मंगलवार 9 अगस्त 2011 तक 34वें आध्यात्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिक्षण शिविर का उद्घाटन श्री विमलकुमारजी जैन नीरु केमिकल्स दिल्ली के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर आयोजित सभा की अध्यक्षता श्री वाडीलाल लल्लूभाई शाह अहमदाबाद के प्रतिनिधि के रूप में श्री अमृतभाई मेहता फतेपुर ने की।

श्री कुन्दकुन्द कहान दि.जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट का परिचय श्री सुमनभाई दोशी राजकोट ने दिया। मंचासीन समस्त अतिथियों का तीर्थसुरक्षा ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुमनभाई दोशी एवं (सदस्य) श्री अशोककुमारजी जैन जबलपुर ने तिलक लगाकर माल्यार्पण किया।

उद्घाटन सभा के मुख्य अतिथि श्री अभयकरणजी सेठिया सरदारशहर एवं श्री मदनलालजी पाटनी मुम्बई रहे। उद्घाटन सभा के पूर्व शिविर मण्डप का उद्घाटन श्री गम्भीरमलजी प्रकाशचंदजी सेमारी अहमदाबाद ने, शिविर मंच का उद्घाटन श्री निहालचंदजी ओसवाल जयपुर ने एवं विधान का उद्घाटन श्री विमलकुमारजी जैन जबलपुर ने किया। ध्वजारोहण श्री प्रदीपजी चौधरी किशनगढ परिवार के करकमलों से हुआ। आचार्य कुन्दकुन्द के चित्र का अनावरण श्री श्री पी.के.जैन रुड़की एवं आध्यात्मिकसत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के चित्र का अनावरण श्री दिलीपभाई शाह जयपुर द्वारा किया गया। 34वें शिक्षण शिविर के आयोजनकर्ता श्री भभूतमलजी भंडारी बैंगलोर, श्री प्रेमचंदजी बजाज कोटा एवं श्री नवीनचंदजी केशवचंदजी मेहता मुम्बई रहे।

इस अवसर पर नवलब्धि विधान का आयोजन किया गया, जिसके आयोजक श्री बाबूलालजी पंचोली थांदला, श्री मगनलालजी मामा आरोन, श्री नेमीचंदजी ग्वालियर, श्री देवेन्द्रकुमार कोमलचंदजी जैन केसली, श्रीमती ममता कमलकुमारजी केसली, श्रीमती नत्थीबेन केसली, श्रीमती कमलरानी बाबूलालजी सिंघई केसली थे।

कार्यक्रम का संचालन ब्र. जतीशचंदजी शास्त्री सनावद ने किया।

विद्वत् शिरोमणि डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल ने शिविर के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

शिक्षण शिविर में प्रतिदिन गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के मांगलिक सी.डी. प्रवचन के साथ-साथ डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल के समयसार, डॉ. उत्तमचंदजी सिवनी के प्रात:काल समयसार एवं रात्रि में मोक्षमार्गप्रकाशक, पण्डित ज्ञानचंदजी विदिशा, पण्डित प्रदीपजी झांझरी उज्जैन, ब्र. जतीशचंदजी शास्त्री, पण्डित अनिलजी शास्त्री भिण्ड आदि के प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ।

प्रतिदिन चलने वाली प्रौढ कक्षाओं में पण्डित रतनचंदजी भारिल्ल जयपुर द्वारा निमित्त-उपादान, पण्डित प्रदीपजी झांझरी उज्जैन द्वारा मोक्षमार्गप्रकाशक, ब्र. जतीशचंदजी शास्त्री सनावद द्वारा छहढाला, पण्डित शांतिकुमारजी पाटील जयपुर द्वारा गुणस्थान विवेचन, पण्डित प्रकाशचंदजी छाबड़ा इन्दौर द्वारा गोम्मटसार, पण्डित संजीवकुमारजी गोधा जयपुर द्वारा कार्तिकेयानुप्रेक्षा की कक्षा ली गई।

दोपहर की सभा में प्रतिदिन बाबू जुगलकिशोरजी 'युगल' के सी.डी. प्रवचन के पश्चात् महाविद्यालय के छात्र विद्वानों द्वारा प्रवचन तदुपरान्त आयोजित व्याख्यानमाला में पण्डित गुलाबचंदजी बीना, डॉ. दीपकजी जैन जयपुर, पण्डित सुरेशजी टीकमगढ, पण्डित विनोदजी जबेरा, पण्डित अनिलजी भिण्ड आदि विद्वानों के प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ।

प्रात:कालीन प्रौढ कक्षाओं में पण्डित पूनमचंदजी छाबड़ा, पण्डित विनोदजी जबेरा, ब्र. विनोदजी गुना, पण्डित कमलजी जबेरा, पण्डित शेषकुमारजी उभेगांव, पण्डित जगदीशजी उज्जैन इत्यादि विद्वानों के प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ।

विधि-विधान के समस्त कार्यक्रम पण्डित सुनीलजी भोपाल, पण्डित कांतिकुमारजी इन्दौर एवं पण्डित अभिनयजी शास्त्री जबलपुर द्वारा संपन्न हुये।

शिक्षण शिविर के समस्त कार्यक्रम ब्र. जतीशचंदजी शास्त्री, श्री अशोकजी जबलपुर, श्री महिपालजी ज्ञायक बांसवाड़ा एवं पण्डित पूनमचंदजी छाबड़ा के निर्देशन में संपन्न हुये।

हार्दिक आमंत्रण

दिनांक 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर, 2011 तक श्री टोडरमल स्मारक भवन, जयपुर में आध्यात्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन होने जा रहा है। आप सभी को पधारने हेतु हमारा भावभीना हार्दिक आमंत्रण है।

सम्पादकीय – ✍ 62

पंचास्तिकाय : अनुशीलन

– पण्डित रतनचन्द भारिल्ल

गाथा– १००

विगत गाथा में द्रव्यों की मूर्तता एवं अमूर्तता का व्याख्यान किया। प्रस्तुत गाथा में काल द्रव्य का व्याख्यान करते हैं।

मूल गाथा इसप्रकार है –

कालो परिणामभवो परिणामो दव्वकालसंभूदो।
दोण्हं एस सहावो कालो खणभंगुरो णियदो।।१००।।

(हरिगीत)

क्षणिक है व्यवहार काल अरु नित्य निश्चय काल है।
परिणाम से हो काल उद्भव काल से परिणाम भी ।।१००।।

व्यवहार काल का माप जीव पुद्गलों के परिणाम से होता है। परिणाम द्रव्यकाल से उत्पन्न होता है। यह दोनों का स्वभाव है। काल क्षणभंगुर तथा नित्य है।

आचार्य अमृतचन्द्र टीका में कहते हैं कि यह व्यवहार काल तथा निश्चय काल का व्याख्यान है। 'समय' नाम की जो क्रमिक पर्याय है वह व्यवहारकाल है उसके आधारभूतद्रव्य निश्चयकाल है।

व्यवहारकाल निश्चय काल पर्याय होने पर भी जीव पुद्गलों के परिणाम से नपता है, ज्ञात होता है। इसलिए ''जीव पुद्गलों के परिणाम बहिरंग-निमित्त भूत द्रव्यकाल के सद्भाव में उत्पन्न होने के कारण द्रव्यकाल से उत्पन्न होनेवाले कहलाते हैं।''

तात्पर्य यह है कि व्यवहारकाल जीव-पुद्गलों के परिणाम द्वारा निश्चित होता है और निश्चयकाल जीव-पुद्गलों की अन्यथा अनुत्पत्ति द्वारा निश्चित होता है। अन्यथा अनुत्पत्ति अर्थात् जीव व पुद्गलों के परिणाम अन्य प्रकार से नहीं बन सकते।

व्यवहारकाल क्षणभंगुर हैं एवं निश्चयकाल नित्य है, क्योंकि व्यवहारकाल एक समयमात्र जितना ही है और निश्चयकाल अपने गुण-पर्यायों के आधारभूत द्रव्यरूप से सदैव रहता है, अविनाशी है।

कवि हीरानन्दजी काव्य में कहते हैं –

(दोहा)

छिन भंगुर विवहारतैं, सूच्छिम परजय मान।
निहचैकाल अचलसदा, गुनपरिजाय निधान ।।४३४।।
समै काल विवहार है, निहचै काल सरूप।
दोनों की वरनन कह्या जु मान अनुरूप ।।४३५।।

कवि कहते हैं कि व्यवहारकाल क्षणभंगुर है, एक समय की सूक्ष्म पर्याय है तथा निश्चयकाल अचल है। समय, घड़ी, घंटा आदि व्यवहार काल है।

इसी का स्पष्टीकरण करते हुए गुरुदेवश्री अपने व्याख्यान में कहते हैं कि ''जो क्रम से अतिसूक्ष्म प्रवर्तता है, वह व्यवहारकाल है तथा उस व्यवहारकाल का आधार निश्चयकाल है। काल शब्द से कथित काल नामक द्रव्य भी है।

व्यवहारकाल एकसमय की पर्याय है, तथा निश्चयकाल पर्यायवान है। व्यवहारकाल निश्चयकाल से उत्पन्न होता है। उसमें पुद्गल द्रव्य की जीर्ण होनेरूप अवस्था निमित्त है, इसकारण जीव-पुद्गल के परिणाम अर्थात् परिणमन से व्यवहार काल का माप होता है।

इससे यह नक्की होता है कि समय आदि व्यवहार काल है। वह जीव व पुद्गल की पर्याय से सिद्ध होता है। तथा समय आदि व्यवहारकाल है तो उसके साथ-अविनाभाव सम्बन्ध से निश्चयकाल भी द्रव्य है – यह सिद्ध होता है। व्यवहार काल क्षणिक एवं निश्चयकाल नित्य है।'' इसप्रकार कालद्रव्य के अस्तित्व को सिद्ध किया। ●

पाठकों के पत्र

वीतराग विज्ञान के हीरक जयन्ती विशेषांक को पढ़कर **मुम्बई से श्री जीवराज खुशालचंद गांधी (जे.के. गांधी)** लिखते हैं कि –

'आपकी हीरक जयन्ती समाज मना रही है – यह समाचार वीतराग-विज्ञान का मई-जून संयुक्तांक मिलने से विदित हुआ। इसमें आपके साहित्य का समीक्षात्मक अध्ययन करने वाले विद्वानों ने वास्तव में बहुत अच्छा विश्लेषण किया है। यह बहुत गर्व की एवं संतोषजनक बात है।

आपका मेरा 50-55 वर्षों से परिचय है। आपको श्री रावसाहेब शहा व हमारे भाई हीराचंदजी ने नातेपुते में आमंत्रित किया था। उस समय से सोनगढ की प्रतिष्ठा आदि अनेक अवसरों पर समागम होता रहा। टोडरमल स्मारक भवन निर्माण होने के बाद आपसे बार-बार मिलना होता रहा।

आपकी हीरक जयन्ती का आयोजन हुआ; क्योंकि आप अपने अभीक्ष्ण ज्ञान से जिनवाणी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और करते रहेंगे – इसके लिये मैं बधाई देता हूँ और आपके दीर्घ आरोग्य सुख समाधान और जिनवाणी की सेवा अक्षुण्ण होती रहे – इसके लिए जिनेश्वर से प्रार्थना करता हूँ।

मेरी उम्र अभी 95 वर्ष की पूरी हुई है, फिर भी आपसे मिलने के अवसर की बहुत प्रतीक्षा करता हूँ। वैसे आपके दोनों चिरंजीव परमात्मप्रकाश और अध्यात्मप्रकाश मुम्बई में रत्न व्यवसाय में होने के कारण मिलते रहते हैं और उनसे आपका समाचार मिलता रहता है।

आपकी दीर्घ आयु की भावना रखता हूँ।

आप आपके भाषण में अध्यात्म का विवेचन बहुत सुचारु रूप से करते हैं। उसका परिचय मुझे दिल्ली में देखने को मिला, जब आपका व्याख्यान श्री 108 आचार्य विद्यानन्दजी महाराज ने लालबहादुर शास्त्री विद्यापीठ में आयोजित किया था। उसमें व्यवहार और निश्चय के बारे में आपने कहा था कि आदमी नदी पार करने के लिये नाव में बैठता है और नदी पार करने के बाद छोड़ देता है। वैसे ही व्यवहार नय का परिचय संसार में होने के बाद अध्यात्म के विचार करता है।

इससे ज्ञात होता है कि आप कठिन से कठिन आध्यात्मिक विषय अपने व्याख्यान में सुचारु रूप से समझाते हैं, यह आपकी समाज को बहुत बड़ी देन है। **– जीवराज खुशालचंद गांधी**

नोट : ये जे. के. गांधी, लन्दनवाले एम.के. गांधी के भाई हैं।

कार्यकारिणी पुनर्गठित

औरंगाबाद (महा.) : यहाँ अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। कार्यकारिणी निम्नानुसार है –

अध्यक्ष-श्री चैतन्यजी गाडेकर, **सचिव (मंत्री)**-पण्डित किशोरजी धोंगडे, **कोषाध्यक्ष**-पण्डित चिन्तामणि भूस, **प्रचार मंत्री**-श्री कैलाश धोंगडे, **संगठन मंत्री**-पण्डित आतीश जोगी, **सदस्य**-श्री संजयजी धुमाळ, श्री सचिनजी महिंद्रकर, श्री रविजी संगवे, श्री सचिनजी भूस, श्री देवेन्द्रजी गाडेकर, श्री रविजी अंबेकर, **मार्गदर्शक**–पण्डित संजयकुमारजी राऊत, पण्डित गुलाबचंदजी बोराळकर, श्री रत्नाकरजी गाडेकर चुने गये।

डॉ. भारिल्ल से कुछ प्रश्न और उनके उत्तर

– परमात्मप्रकाश भारिल्ल, मुम्बई

आप किसी का जवाब क्यों नहीं देते, किसी से चर्चा क्यों नहीं करते ?

अरे जीवन भर यही सब तो करते आये हैं।

गुरुदेव के बारे में भी लोग ऐसा ही कहते थे, पर वे भी आजीवन रोज रात को 45 मिनिट की चर्चा में लोगों के सवालों के जवाब देते रहे, सारे जीवन चर्चा ही तो करते रहे, पर हाँ वे वाद–विवाद नहीं करते थे।

यूं तो उनके दरवाजे दिनभर सभी के लिए खुले रहते थे।

हमारा भी तो ऐसा ही है।

हम तो हमेशा ही सबके लिए उपलब्ध हैं, कोई भी कभी भी चला आता है और हम भी उसके सब सवालों के यथासंभव जवाब देते ही हैं।

हाँ एक बात है – ये सभी जिज्ञासु लोग होते हैं, समझने के लिए आते हैं, अपना कल्याण करने के लिए; या कार्यकर्ता लोग आते हैं काम में आने वाली कठिनाइयाँ दूर करने के लिए।

सच्चाई तो यह है कि जिनके अन्दर बहस करने की भावना है; वे लोग तो आते ही नहीं हैं।

लोग कहते हैं डर लगता है आपसे –

पर हमने तो कभी किसी को डराया नहीं।

हाँ ! बहस करने में हमें भी कोई रुचि नहीं है; क्योंकि बहस कोई आत्मकल्याण के लिए नहीं करता।

हमने अपना जीवन अपने कल्याण के लिए और औरों को कल्याण में निमित्त बनने के लिए समर्पित किया है; जीवन छोटा है और काम बहुत है, जो समझने के लिए आता है, वह तो इशारे मात्र से समझ जाता है और जो बहस करता है, उसे तो समझना ही नहीं है, वह समझेगा कैसे ?

कदाचित् वह तो हमें समझाने के फेर में रहता है, हमें उससे समझने की आवश्यकता नहीं है।

हमारे पास जिनवाणी है, उसका मर्म समझने की विधि है।

हमने तो जीवन भर किसी अन्य विषय में उलझे बगैर मात्र स्वाध्याय और तत्त्वप्रचार किया है और अब भी उसी में लगे हैं। जिसे अपना कल्याण करना है, वह चाहे जितनी बात कर ले हम से, हम कभी मना नहीं करेंगे।

जिसे हमारी बात समझ में नहीं आती, वह अपने चित्त से हमारा विकल्प निकाल दे।

आपके बारे में लोगों की धारणा यह है कि अपनी तर्क शक्ति के सहारे आप अपनी सही–गलत सभी बातें लोगों से मनवा लेते हैं।

ऐसे लोगों की बातों से यह ध्वनित होता है – मानो तार्किक होना कोई अपराध हो ?

अरे ! तर्क तो जैन न्याय का मूल आधार है, जिसके द्वारा हम तथ्यों का अन्वेषण कर सकते हैं, किसी विषय की गहराई में जा सकते हैं, सत्य का सही निर्णय कर सकते हैं।

हर व्यक्ति में तर्क करने की शक्ति न भी हो, पर कम से कम तर्क समझने की योग्यता तो होनी ही चाहिए न ? हममें यदि यह कला कम हो या न हो तो अभ्यास के द्वारा यह विकसित करना चाहिए, इसके बिना न तो स्वकल्याण किया जा सकता है और न ही पर का। इससे किसी भी सज्जन पुरुष को न तो परहेज हो सकता है और न ही होना चाहिए।

तर्क से सिर्फ उन्हीं लोगों को एतराज हो सकता है, जो अपनी अतार्किक (और इसलिए असत्य) बातें लोगों के गले उतारना चाहते हैं।

अतार्किक बातें सिर्फ लोगों को भ्रमित ही कर सकती हैं, किसी का कल्याण नहीं कर सकतीं।

धर्म (आत्मकल्याण) के क्षेत्र में भावनाओं को कोई स्थान नहीं है, सत्य की खोज तर्क से होती है, भावनाओं से नहीं। लोक में भी न्यायालय में तथ्य और तर्क ही स्वीकार किये जाते हैं।

भावनाओं की न तो कोई सीमा होती है और न ही कोई दिशा, रही बात तर्क शक्ति के सहारे अपनी गलत बातें लोगों से मनवा लेने की, सो दुनियां में कोई हम अकेले ही तो तार्किक हैं नहीं, अन्य भी तो अनेकों लोग तर्क शक्ति से संपन्न हैं। यदि हम कुतर्क करेंगे तो क्या वे हमारे कुतर्कों को चलने देंगे ?

आज तक तो हमारे सामने ऐसा कोई प्रसंग उपस्थित हुआ नहीं है कि किसी ने हमारी तार्किक व्याख्या का खंडन किया हो।

प्रश्न यह भी तो है कि आखिर हम ऐसा क्यों करेंगे ? आखिर क्यों हम जिनवाणी के विरुद्ध कोई अतर्कसंगत और अयुक्तियुक्त बात का प्रतिपादन करेंगे ?

यह जीवन आत्मकल्याण करने के लिए है, संसार काटने के लिए है, संसार बढाने के लिए नहीं है।

क्या कोई यह समझता है कि मैं दुनिया को कुमार्ग पर लगाकर अपना अनंत संसार बढाने का काम करूँगा ?

लोगों को लगता है कि आप उनकी उपेक्षा करते हैं, उनकी सुनते नहीं हैं, उनकी बातों या सुझावों पर ध्यान नहीं देते हैं, उनकी बात मानते नहीं हैं। इस कारण वे निरन्तर आपसे असंतुष्ट बने रहते हैं।

कैसी बातें करते हो ? हमारे पास सैंकड़ों विद्वानों और हजारों कार्यकर्ताओं की एक समर्पित टीम है, जो देशभर में फैली हुई है और तत्त्वप्रचार के काम में संलग्न है। देश और विदेशों में तत्त्वप्रचार का जो इतना बड़ा ज्ञानयज्ञ चल रहा है, क्या यह सब इन सब लोगों के सक्रिय सहयोग और निकट संपर्क के बिना संभव है ?

किसी भी छोटे बड़े कार्यकर्ता या सामान्यजन के लिए हम 24 घंटे उपलब्ध हैं, हमारे पास हजारों लोग आते हैं, हम सभी से प्रेम से मिलते हैं, सभी की बात ध्यान से सुनते हैं और कोई भी यदि तत्त्वप्रचार की कोई छोटी–बड़ी योजना लेकर आता है तो उसे हम पूरा सहयोग देते हैं, न तो हम किसी से करते ही नहीं हैं, हमारे यहाँ से आज तक कोई निराश होकर नहीं लौटा है।

रही बात सुझावों पर ध्यान न देने की, सो ऐसी कोई बात नहीं है, लोग भोले होते हैं, वे समझते हैं कि हम समाज सेवा का काम करते हैं सो वे तरह–तरह के सुझाव लेकर आते हैं। कोई कहता है कि विधवाओं के लिए कुछ करना चाहिए, कोई कहता है कि वृद्धों के लिए कुछ कीजिए और इसी तरह की अन्य अनेकों बातें लोग करते हैं।

हम उन्हें समझाते हैं कि अरे भाई ! करने को तो दुनिया में अनेकों काम हैं और सारे काम तो देश की सरकार भी नहीं कर पाती है, हमारी तो शक्ति सीमित है और समय भी।

किसी के विषय–कषाय के पोषण की गतिविधियों में हमारी कोई रुचि नहीं है, ये काम करने वाले तो अन्य अनेकों लोग और संस्थाएं हैं। हम तो आत्मार्थी हैं और हमारा कार्यक्षेत्र मात्र आत्मकल्याण और तत्त्वप्रचार की गतिविधियों तक ही सीमित है।

मैं उन लोगों की चर्चा नहीं कर रहा हूँ, जो सामाजिक काम करते हैं, मेरा आशय तो उन लोगों से है जो आप ही की तरह से आत्मार्थी और स्वाध्याय प्रेमी हैं और तत्त्वप्रचार के काम में संलग्न हैं या अपना योगदान देना चाहते हैं।

अब किसी के बारे में क्या कहूँ ? कौन क्या कर रहा है, क्या कहता है, क्या करना चाहता है, किसने अब तक क्या किया है, यह सब तो सबके

सामने है। हाँ मैं अपनी रीति–नीति की चर्चा कर सकता हूँ।

पूज्य गुरुदेवश्री ने कभी स्वाध्याय और तत्त्वप्रचार के सिवाय कुछ नहीं किया। वे तो असाधारण महामानव थे, चाहते तो क्या नहीं कर सकते थे, पर वे कभी अपने मार्ग से भटके नहीं।

मुझे भी जब टोडरमल स्मारक में आने का प्रस्ताव मिला तो मैंने भी अपनी उस 32 वर्ष की उम्र में यही संकल्प किया कि मैं अपने समय, शक्ति और श्रम का उपयोग मात्र स्वाध्याय और तत्त्वप्रचार के लिए ही करूँगा और इस मार्ग से च्युत करने के लिए चाहे किसी भी प्रकार का कोई भी दबाव या प्रस्ताव आये, मैं इससे विचलित नहीं होऊँगा।

तब तो मेरी उम्र भी कम थी और मुझसे बहुत अधिक वरिष्ठ अनेकों विद्वान, श्रेष्ठि और अन्य शुभचिन्तक लोग विद्यमान थे; जो यह मानते थे कि अध्यात्म जैसे इस शुष्क विषय का इस भौतिकवादी युग में कोई भविष्य नहीं है और इस काम में अपने आपको झोंकना अपना जीवन खराब करना है।

उनका कहना था कि तुम्हारे पास जयपुर जैसे शहर के हृदय स्थल पर इतनी बड़ी बिल्डिंग है और इसमें तो तुम क्या क्या नहीं कर सकते हो, कमाल किया जा सकता है और वे अनेक लौकिक महत्वांकांक्षी योजनायें सुझाते थे। उस समय से लेकर आज तक ऐसे सुझाव और योजनायें लेकर आने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। उनकी योजनायें इतनी आकर्षक और लुभावनी होती है कि सहज ही कोई भी उनकी बातों में आ जाये।

मैं उनसे हाथ जोड़कर कहता हूँ कि भाई साहब आपकी योजना बहुत अच्छी है और आप अवश्य यह काम करें और मुझे मेरा काम करने दें, मुझे अपने इस तत्त्वप्रचार के काम के सिवाय किसी भी अन्य कार्य में कोई दिलचस्पी नहीं है।

इस पर भी जब वे नहीं मानते तो मुझे दृढतापूर्वक अपनी बात उन्हें समझानी पड़ती है और तब उन्हें लगने लगता है कि मैं अपनी मनमानी करता हूँ, किसी की सुनता नहीं हूँ।

पिछले 44 सालों से लगातार वे कहते रहे कि यह सफल नहीं होगा और हम अपने इसी काम में लगे रहे और आज जो कुछ भी है, सब आपके सामने है।

देशभर में 320 वीतराग–विज्ञान पाठशालाएं, 312 युवा फैडरेशन की शाखाएं और उनके माध्यम से भी पाठशालाओं का संचालन, स्वाध्याय की परम्परा का जारी रहना, हजारों ग्रुप शिविरों का आयोजन, जीवन में सदाचार, 45 प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन और उसके माध्यम से 8944 से अधिक शिक्षकों की ट्रेनिंग, महाविद्यालय के माध्यम से जैनदर्शन के 573 विद्वानों का तैयार होना और उनके द्वारा देशभर में अनेक संस्थाओं का संचालन, इतनी विशाल संस्था में करोड़ों के सत्साहित्य का प्रकाशन और बिक्री – ये सब काम ऐसे हैं, जिन्होंने लोगों की कल्पना और अनुमानों को झूंठा साबित कर दिया है, उनके सुझावों की निरर्थकता साबित कर दी है, अब तुम क्या चाहते हो कि हम उनकी सुनकर यह सब बंद कर दें ?

जिसप्रकार मुनिराज का भोजन ग्रहण भी आत्म साधना के लिए होता है और भोजन त्याग भी आत्म साधना के लिए; उसीप्रकार हमारी तो हर गतिविधि सिर्फ तत्त्वप्रचार के लिए ही होती है।

हमने तो जीवनभर यही किया है, यही पढ़ा है, यही पढ़ाया है और पढ़ने–पढ़ाने के सिवाय अन्य कोई काम हमने किया नहीं है, इसे ही हम उत्कृष्टतम काम मानते हैं और अपने शेष रहे जीवन में यही सब करना चाहते हैं, यह वह काम है जो तीर्थंकर और गणधर देव भी करते हैं।

अरे ! स्वयं कुछ और करना तो बहुत दूर, हम तो किसी को कुछ और करने की प्रेरणा भी नहीं देते हैं न देंगे।

हम तो ऐसी व्यवस्था करके जाएंगे कि हमारे बाद भी कोई इस संस्था को किसी अन्य मार्ग पर न ले जा सके। यहाँ यदि कोई बात हो तो आत्मा के हित की बात हो।

मान लिया कि आप तत्त्वप्रेमी हैं और तत्त्वप्रचार में आपका बहुत बड़ा योगदान है। इससे तो कोई भी इनकार नहीं करता है, न ही कर सकता है। स्वयं पूज्य गुरुदेवश्री ने कहा था कि वर्तमान तत्त्व की प्रभावना में उसका (हुकमचंद भारिल्ल) बहुत बढ़ा योगदान है; पर आप अकेले ही तो नहीं हैं न ? लोगों को लगता है कि आप किसी की सुनते नहीं है, किसी को कुछ समझते ही नहीं हैं।

क्या नहीं समझते हैं ? वे जो हैं, हम उन्हें वही समझते हैं और फिर हम किसी को कुछ समझें या न समझें, इससे न तो उनका मोक्ष रुकता है और न ही हमारा, तब किसी को यह आग्रह क्यों है कि हम उन्हें समझें।

अनंत सर्वज्ञ परमात्मा तो सभी को सही तौर पर जानते और समझते हैं तब मात्र हमारे न जानने–समझने से क्या फर्क पड़ता है ?

तत्त्व के विषय में हमारे पास जिनवाणी है, पूर्ववर्ती ज्ञानियों द्वारा की गयी जिनवाणी की व्याख्यायें हैं, तर्क और युक्तियाँ हैं, अपनी बुद्धि और विवेक है।

यह कोई ऐसा विषय नहीं है कि किसी के तुष्टीकरण के लिए कुछ भी कह दिया जावे या स्वीकार कर लिया जावे।

इसका सम्बन्ध आत्म कल्याण से है, इसमें हमारा हित–अहित निहित है। इसमें किसी से कोई समझौता नहीं हो सकता है।

जहाँ तक व्यवस्था संबधी बातें है सो सब लोग अपने–अपने घर की व्यवस्थाएं अपने–अपने तरीके से चलाते हैं। इसमें किसी का हस्तक्षेप का दुराग्रह क्यों हो ?

अब और क्या रह जाता है, सुनने सुनाने के लिए ?

सच तो यह है कि हमारी रुचि काम करने में है, किसी से उलझने में नहीं। कोई हमारे काम में सहयोगी बने इसमें भला हमें क्या एतराज हो सकता है ? पर यदि किसी को सहयोग की कीमत चाहिए तो हम लेन–देन के क्षेत्र में नहीं हैं, हम व्यापारी नहीं हैं।

हम तत्त्वप्रचार कर रहे हैं, करना चाहते हैं और आपकी भी यही भावना है तो हम दोनों एक नाव पर सवार हैं, एक जैसे हैं, इसमें कौन उपकृत और कौन उपकारी ? आपने तत्त्वप्रचार में सहयोग देकर अपने विकल्प की पूर्ति की है और यदि कोई उपकार किया है तो समाज पर, हम पर नहीं। कदाचित् यह तो कह सकते हैं कि हमने आप पर उपकार किया है, आपकी भावना की पूर्ति में सहयोगी बनकर; क्योंकि आप तत्त्वप्रचार करना तो चाहते हैं, आपके पास पैसा है पर आप यह नहीं जानते कि इस पैसे का उपयोग तत्त्वप्रचार में किसप्रकार किया जावे उसमें हमने आपका सहयोग कर दिया; क्योंकि हमारे पास इस काम की दृष्टि है, टीम है।

फिर भी हम तो किसी के प्रति कोई शिकायत अपने मन में नहीं पालते; पर क्या आपकी शिकायत उचित है ?

हम यदि दुनियादारी छोड़कर इस क्षेत्र में आये हैं तो स्व–पर के कल्याण के लिए आये है, किसी के तुष्टीकरण के लिए नहीं, हमसे इसकी आशा–अपेक्षा रखना व्यर्थ है।

आपकी बात तो उचित लगती है पर जब लोग आपके बारे में तरह–तरह की बातें करते हैं, भ्रम फैलाते हैं तो आप उनका जवाब क्यों नहीं देते, मुझे लगता है कि आपके एक जवाब से ही सब भ्रम दूर हो जायेंगे। आप जवाब नहीं देते हैं तो लोग भ्रमित हो जाते हैं और कुछ लोग तो आपसे विमुख भी होने लगते हैं, मैं ऐसे कई लोगों को जानता हूँ जो कल तक आपके भक्त थे, प्रशंसक थे; पर आज उनके मन में आपके प्रति अनेक शिकायतें हैं। मुझे लगता है कि यदि आप उनके भ्रम का निराकरण कर देंगे तो वे फिर आपके साथ हो जाएंगे।

तुम्हारी बात तो सही है पर हमारे पास समय तो सीमित ही है न, अब तुम क्या चाहते हो कि हम अपने लिखने पढ़ने का समय काट कर लोगों को सफाई देते फिरें ?

यदि एक–एक आदमी से व्यक्तिगत तौर पर संपर्क करें तो कितना समय चाहिए और यदि प्रवचन में करें तो उतना समय तत्त्वचर्चा में से कट जायेगा।

कोई हमसे जुड़ता है तो हमें क्या मिलता है और यदि कोई हमसे दूर जाता है तो हमारा क्या जाता है ?

हम किसी एक के कल्याण के लिए तो यह सब करते नहीं हैं, हम तो अपना लेखन, पठन–पाठन करते हैं, जिनकी होनहार अच्छी होगी, वे इससे जुड़ते जायेंगे और अन्य लोग टूटते जायेंगे। इसी का नाम कारवां है, कारवाँ बढ़ता रहेगा।

जिसकी होनहार अच्छी होगी, वह तो किसी की बातों में आकर तत्त्व छोड़ेगा नहीं और जिसकी नियति में भव–भ्रमण बाकी है, वह तो विमुख होने ही वाला है आज नहीं तो कल, इस नहीं तो उस निमित्त से।

सब जिम्मेदारी सिर्फ हमारी ही तो है नहीं। कुछ उनकी भी तो जिम्मेदारी है कि वे सत्य समझें और लोगों की बातों में न आयें। यदि उन्हें ही अपने हित–अहित की परवाह नहीं तो हम अकेले क्या कर सकते हैं ?

जो स्वयं अपनी बुद्धि से काम नहीं लेता, जो स्वयं सजग नहीं है, उसको तो लुटना ही है, उन्हें कौन बचा सकता है ?

बात सिर्फ उनके हित–अहित की ही नहीं है, इससे आपकी भी तो छवि खराब होती है ?

छवि की चिंता करने से छवि नहीं बनती और न बिगड़ती है। आपका जैसा व्यक्तित्व व कर्तृत्व है, तदनुरूप छवि निर्मित होती है। तुम यदि यह समझते हो कि एक व्यक्ति सारे जीवन अपने मिशन में जुटा रहता है और कोई आकर अचानक एक दिन उसकी छवि बना या बिगाड़ देगा तो यह भ्रम है और यदि ऐसा होता है तो फिर इसकी क्या परवाह करनी, इतनी भंगुर वस्तु की क्या चिंता करनी। वैसे जनता बहुत समझदार है, वह यूं ही किसी की बातों में नहीं आ जाती, लोग तत्त्व समझें या न समझें इस दुनियादारी में सभी बहुत होशियार हैं।

जब कोई किसी के पास जाकर हमारी बुराई करता है तो लोग उसकी बातों में आसानी से नहीं आ जाते, वे हमारे बारे में तो निर्णय हमें देखकर करते हैं, हाँ वे उस बुराई करने वाले के बारे में जरूर जान जाते हैं कि वह कैसा है ? उसमें कितनी द्वेष बुद्धि भरी है और समाज के वातावरण को विषाक्त करने में उसका कितना योगदान है। अनेक लोगों से तो उनको मुंहतोड़ जवाब मिलता है।

हमसे अधिक उन लोगों का नुकसान होता है, जो लोग हमारी छवि बिगाड़ने का प्रयास करते हैं।

लोग आपके पास आते हैं और कहते हैं कि फलां व्यक्ति ऐसा गलत काम कर रहा है, लोग उसे आपका आदमी समझते हैं, इससे आपकी बदनामी होती है, आप लोगों को बतला दो कि उसका हमसे कोई संबंध नहीं है।

अब हम किस–किस का हिसाब किताब रखें ? पर वह स्वंय ही अपने आचार–विचार व्यवहार से लोगों को बतला देता हे कि वह हमारा नहीं है। जब वह हमारी बुराई करता है तो लोग कम से कम उसके बारे में तो जान जाते हैं कि वह हमारा आदमी नहीं है। हमें इस बात की घोषणा करने की क्या जरूरत है?

यह सब तो ठीक है पर फिर भी जब वे लोग इतना सब कुछ करते हैं तो आपको इस ओर थोड़ा तो ध्यान देना ही चाहिए न ?

भैया ! हमारे पास करने को बहुत महत्वपूर्ण काम हैं, बहुत कुछ है करने को, अगाध जिनवाणी का मर्म समझना है, प्रकट करना है, जितना बन सके इस छोटे से जीवन में कर लें तो न जाने आगामी कितने लम्बे काल तक कितने लोगों के कल्याण में निमित्त बनेगा।

उनके पास करने को और कुछ है नहीं, दिन–रात बस एक यही काम है, दिन रात द्वेष में जलते रहते हैं, सोते जागते सिर्फ एक ही चिंतन चलता रहता है, अपनी आत्मा को छोड़कर मात्र हमारा ही ध्यान करते हैं।

उन्हें सामान्य जनता से भी कोई सरोकार नहीं है, बस वे तो इतने विशाल समुदाय में से उन लोगों का चुनाव कर लेते हैं, जिनसे उन्हें कोई लाभ हो सकता है और फिर अपनी पूरी शक्ति लगा देते हैं, उसका ब्रेन वाश करने में।

अब मानलो पूरे समाज में से उन्होंने ऐसे 100–200 लोगों का चुनाव कर लिया, अब 12 महीने 24 घंटे एक ही तो काम है उन लोगों के कान भरने का। कदाचित् वे लोग भी 24 घंटे के इस आक्रमण को नहीं सह पाते और संक्रमित हो जाते हैं।

आज आपको जो लोग इन कामों में लिप्त दिखाई देते हैं। जरा उनका इतिहास तो उठाकर देखो, जीवनभर उन्होंने क्या किया है ? बस यही राग–द्वेषभरी और राग–द्वेष फैलानी वाली विध्वंसक गतिविधियों में ही तो लिप्त रहे हैं। कभी किसी के विरुद्ध कभी किसी के, अब आज हमारा नंबर है।

वे भी तत्त्वप्रेमी कहलाते हैं। समाज में सक्रिय रहते सारा जीवन बीत गया है। जरा बतलाएं तो सही कि मूल तत्त्वप्रचार के लिये उन्होंने क्या किया है? क्या धर्म के नाम पर लड़ना, लोगों को लड़ाना, द्वेष फैलाना और एक आदमी जो शान्ति से दिन–रात एक मात्र तत्त्व चिंतन, पठन–पाठन, लेखन, प्रवचन में लगा हुआ है, उसके मार्ग में रोड़े अटकाना, इसके अलावा और क्या उपलब्धियाँ है इनकी। अब तुम हमसे ये अपेक्षा रखते हो कि हम भी उसी जमात में शामिल हो जाएं, जो वे कर रहे हैं, हम भी वही करें ?

ठीक है आप अपना काम करते रहो, पर आप अकेले थोड़े ही हो, आपके पास एक विशाल सेना है 600 से अधिक आपके शिष्य शास्त्री विद्वान हैं, हजारों शिक्षक हैं, प्रवचनकार हैं, अन्य मुमुक्षु हैं; वे आपकी ओर से यह काम कर सकते हैं, बस आपके एक आदेश की जरूरत है।

तुम उन्हें क्या समझते हो ? वे आत्मार्थी हैं, मुमुक्षु हैं, वे आत्मकल्याण के लिए यहाँ आए हैं, तुम चाहते हो कि यहाँ फिर हम उन्हें उसी गोरखधंधे में लगा दें, जिसे बड़ी मुश्किल से वे छोड़कर आये हैं ?

तब फिर इनमें और उनमें क्या फर्क रहेगा ?

अरे ! हमने उन्हें गणधर की गादी संभालने के लिये तैयार किया है, ये गंदगी फैलाने के लिए नहीं।

मैं अपने प्रत्येक शिष्य से भी वही अपेक्षा रखता हूँ जो मैं स्वयं करता हूँ।

मेरे पास दो पैमाने नहीं हैं। मैंने उन्हें यही सिखाया है।

किसी भी हालत में अपने लक्ष्य से, अपने मार्ग से च्युत नहीं होना, निडरता, निरीहता, स्वाभिमान।

तुम चाहते हो इन्हें मैं इस राग–द्वेष की भट्टी में झोंक दूं ?

अरे ! मैं तो चाहता हूँ कि यदि इनके मुख से एक शब्द निकले तो वह ''आत्मा'' हो, यदि एक वाक्य निकले तो वह आत्म कल्याणकारी हो। आते हैं, हमारे पास ऐसे भी बहुत आते हैं तुम्हारे जैसे कि ''आप हमें आज्ञा तो दो, हम ऐसा कर देंगे–वैसा कर देंगे, ईंट से ईंट बजा देंगे, सारे देश को हिला देंगे। हम तो सबसे यही कहते हैं कि यह सब कुछ नहीं करना है, बस स्वाध्याय करो और हो सके तो प्रवचन करो, पाठशाला चलाओ, शिविर लगाओ बस।

अरे ! इस मार्ग में आकर भी यही करोगे – झगड़ा, झंझट ?

नहीं मैं इन युवकों को, इन बच्चों को इस आग में नहीं झोंक सकता। मैं तो उनको यही समझाता हूँ और समझाता रहूँग कि इन प्रपंचों से दूर ही रहो, रचनात्मक कार्य करो; उससे आत्महित और परहित साथ–साथ होगा।

मैं तो मानता हूँ कि किसी न किसी तरह से इन सब बातों का जवाब तो दिया ही जाना चाहिए।

दे तो रहे हैं न जवाब और कैसे जवाब दिया जाता है ?

अब हम हर साल पहले से दुगुना साहित्य लिखते हैं, पहले से दुगुने विद्यार्थी महाविद्यालय में भर्ती करते हैं, दुगुने विद्वान तैयार करते हैं, पहले से अधिक शिविर लगाते हैं और कैसे दिया जाता है जवाब ?

प्रतिदिन तत्त्व प्रेमियों और अभ्यासियों की संख्या बढ़ती ही जाती है, भ्रमवश होने वाला विरोध बंद हो गया है, समाज में शान्ति, सहिष्णुता और सद्भाव की स्थापना हुई है। लोगों ने हमारे दृष्टिकोण को समझा है और मान्यता प्रदान की है, अब और क्या चाहिए ?

बस थोड़ा सा समय शेष है इस जीवन का, फिर कौन कहाँ होगा, एक दूसरे से कोई सरोकार ही नहीं रहेगा। यह वियोग अनन्तकाल के लिये होगा। हमारा आदर्श तो बनारसीदासजी का यह पद है –

हम बैठे अपनी मौन सौं।
दश दिन के मेहमान जगत में, बोलि विगारै कौन सों।
हम बैठे अपनी मौन सौं।

●

जैन तिथि दर्पण 2012

जैन तिथि दर्पण

2012

दशलक्षण महापर्व में धर्म प्रभावनार्थ कहाँ-कौन ?

पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 2 सितम्बर 2011 से प्रारम्भ हो रहे दशलक्षण महापर्व में समाज के आमंत्रण पर तत्त्वप्रचारार्थ विद्वान भेजे जा रहे हैं। पर्व के प्रारंभ होने में लगभग 22 दिन का समय शेष है, तथापि दिनांक 10 अगस्त 2011 तक हमारे पास 415 स्थानों से आमंत्रण प्राप्त हो चुके हैं और अभी भी अनेक स्थानों से आमंत्रण प्राप्त हो रहे हैं। दिनांक 10 अगस्त 2011 तक लिये गये निर्णयानुसार अब तक लगभग 340 स्थानों पर ही विद्वान निश्चित हो सके हैं; शेष स्थानों पर विद्वान निश्चित करना बाकी है। अभी तक तैयार सूची यहाँ प्रकाशित की जा रही है –

